संख्या-21/2015/540/84-1-2015-53बामा/08

प्रेषक,

बी0के0 त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 21 सितम्बर, 2015

विषय- वेतन समिति (2008) की संस्तुतियों के संदर्भ में नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग उ0प्र0 लखनऊ के लिपिकीय संवर्ग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पद के सृजन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-204/निविमावि-अधि-1(पदसृजन)/15, दिनॉक 18 जून, 2015 के संदर्भ में वेतन समिति (2008) की संस्तुतियों पर लिपिकीय संवर्ग के संबंध में वित्त विभाग के पत्र सं0-वे0आ0-2-401/दस-54(एम)/2008 टी.सी. दिनांक 18 मार्च, 2011 द्वारा संसूचित सामान्य निर्णय के क्रम में नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग कार्यालय में लिपिकीय संवर्ग के गठन विषयक निर्गत शासनादेश सं0-1047/84-1-11-53बामा/2008 दिनांक 23 दिसम्बर, 2008 में सृजित वरिष्ठ सहायक के एक पद वेतन बैण्ड-5200-20200 ग्रेड पे 2800 को सम्यक विचारोपरान्त आस्थगित करते हुये विभाग में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का एक आस्थायी पद वेतन बैण्ड-9300-34800 ग्रेड पे 4800 में दिनांक 23 फरवरी, 2016 तक के लिये सृजित करने की स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय इस शर्त के साथ प्रदान करते है कि उक्त सृजित पद को बिना किसी पूर्व सूचना के उक्त तिथि से पूर्व ही समाप्त न कर दिया जाय।

2- उक्त पद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 की आय-व्ययक की अनुदान सं0-21 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष-3475-अन्य सामान्य आर्थिक सेवाये-आयोजनेत्तर-106-भार और माप का विनियमन-03अधिष्ठान व्यय के अन्तर्गत सुसंगत मानक मदों में किये जायेगा, तथा सृजित पद के पदधारक का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेश के अनुसार किया जायेगा।

3- संबंधित नियमावली में यथाशीध्र संशोधन कर लिया जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय सं0 वित्त-ई-7-828/दस-2015 दिनांक 21 सितम्बर 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे।

भवदीय,
बी0के0 त्रिपाठी
विशेष सचिव।

संख्या-21/2015/540(1)/84-1-2015-53बामा/08 तददिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान लेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- वरिष्ठ आडिट आफिसर (आडिट प्लानिग) कार्यालय महालेखाकार उ0प्र0 इलाहाबाद।
4- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- निदेशक, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, लखनऊ।
6- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनु-7, वित्त (वेतन आयोग) अन0-1/2
8- कार्मिक नियमावली सेल उ0प्र0 शासन।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डा0 जटा शंकर त्रिपाठी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in